सुनले भजन मेरे भले

सुनले भजन मेरे भले सुर ताला हो न हो,
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो,

तेरी किरपा से ही मुझे दरबार ये मिला,
मेरे नसीब से चला बरसो ये सिलसिला,
किस्मत मेरी ऐसी ही हर साल हो न हो,
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो,

मन में उठे सवाल है कैसे दबाउ मैं,
दिल के मेरे जज्बात को गाके सुनाऊ में,
शयद ये दिल में फिर कोई सवाल हो न हो,
किसको खबर की कल तेरा ये लाल हो न हो,

मेरी तो है औकात क्या मुझसे बड़े बड़े,
गाते हुए भजन तेरा दुनिया से चल पड़े,
सोनू मेरा भी कल वही हाल हो न हो,
किसको खबर के कल तेरा ये लाल हो न हो,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5025/title/sunle-bhajan-mere-bhale-sur-tala-ho-naa-ho-kisko-khabar-ke-kal-tera-ye-lala-ho-na-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |